50 फीट गहरे मौत के कुएं में गिरी गर्भवती गाय

घट्टिया। मानवता और तत्परता की एक मिसाल पेश करते हुए घट्टिया थाना पुलिस और ग्रामीणों ने मिलकर एक गर्भवती गौ माता को मौत के मुंह से सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

घटना ग्राम जैथल टैक की है, जहां एक बिना मुंडेर के कुएं में गाय गिर गई थी। लगभग 2 घंटे तक चले इस रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद गाय को सुरक्षित निकाला गया। जानकारी के अनुसार, जैथल टैक स्थित एक खेत में बिना मुंडेर का कुआं है। यहां विचरण करते समय एक गर्भवती गाय अनियंत्रित होकर अचानक 50 फीट गहरे कुएं में जा गिरी। कुएं में पानी भरा होने के कारण गाय के डूबने का खतरा था। ग्रामीणों ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए कुएं में मोटर डाली और पानी खाली करना शुरू किया।

पुलिस और ग्रामीणों ने क्रेन की मदद से बचाई जान

क्रेन के पट्टे पर लटककर कुएं में उतरे जांबाज: ग्रामीणों की सूचना पर घट्टिया थाना उपनिरीक्षक शैलेंद्र सिंह अलावा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तुरंत क्रेन बुलाई गई। रेस्क्यू के दौरान गांव के दो युवकों शुभम परमार और दिव्यराज सिंह सोलंकी ने साहस का परिचय दिया। दोनों क्रेन के पट्टे पर लटककर 50 फीट गहरे अंधेरे कुएं में उतरे और मशक्कत के बाद गौ माता को पट्टों से सुरक्षित बांधा। इसके बाद क्रेन की मदद से उन्हें धीरे-धीरे बाहर निकाला गया। सफल रेस्क्यू ऑपरेशन में पुलिस टीम से उपनिरीक्षक शैलेंद्र सिंह अलावा, प्रधान आरक्षक शांतिलाल जाट और विक्रम मालवीय का सराहनीय योगदान रहा। वहीं ग्रामीणों ने पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई और युवाओं के साहस की जमकर प्रशंसा की। इस घटना ने एक बार फिर खुले कुओं की समस्या को उजागर कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में कई कुएं बिना मुंडेर के हैं, जिनसे आए दिन मवेशियों के गिरने का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे कुंओं के मालिकों को मुंडेर बनवाने या उन्हें ढंकने के सख्त निर्देश दिए जाएं ताकि भविष्य में कोई बड़ी जनहानि न हो।

नागदा अग्निहोत्री ब्राह्मण समाज के सामूहिक विवाह में चार जोड़े बंधे बंधन में

बड़नगर। श्री नागदा अग्निहोत्री ब्राह्मण समाज का 6वां सामूहिक विवाह सम्मेलन बुधवार को संपन्न हुआ। समारोह में विधायक जितेंद्र सिंह पंड्या की मुख्य आतिथ्य एवं समाज के वरिष्ठजनों की गरिमामयी उपस्थिति में ऊंटवास में हर्षोल्लास एवं धार्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। समाजजनों के सहयोग से आयोजित इस समारोह में 4 जोड़ों का वैदिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह कराया गया।

समारोह में विधायक ने नवविवाहित वर-वधुओं को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके सुखद एवं मंगलमय दांपत्य जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह जैसे आयोजन समाज में एकता, सहयोग एवं संस्कारों को मजबूत करने का कार्य करते हैं। ऐसे आयोजनों से सामाजिक समरसता बढ़ती है तथा जरूरतमंद परिवारों को भी सहयोग मिलता है।

समाज के अध्यक्ष गोरधन पटेल ने बताया कि इस वर्ष समाज के 4 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ है। उन्होंने घोषणा की कि आगामी वर्ष 28 फरवरी को पुन: सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें समाज के अधिक से अधिक वरिष्ठजन एवं समाजजन सहयोग प्रदान करें। सामूहि क विवाह समारोह पंडित हेमंत शुक्ला के मार्गदर्शन में वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। समारोह में समाज के अनेक वरिष्ठजन, गणमान्य नागरिक एवं युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस अवसर पर अरविंद व्यास राकेश नेता, ओमप्रकाश व्यास, सत्यनारायण शर्मा, सुरेश व्यास, रवि शर्मा, मृदुलराज व्यास, राजेश रुद्राक्ष, नरेंद्र शर्मा, प्रमोद शर्मा, भरत शर्मा, अंशुमान शर्मा, चिरायु व्यास, राजकुमार शर्मा, संजय शर्मा 'गब्बू चाचा', बबलू शर्मा, संतोष शर्मा, गोरधन धाबाई, शुभम पटेल, कान्हा व्यास हलवाई, राजबिहारी अग्निहोत्री, विजय शर्मा, अरविंद शर्मा, भरत मंडलोई, कांतिलाल व्यास एवं दिनेश धबाई सहित समाज के अनेक सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम की जानकारी दिनेश शर्मा पटवारी ने दी।

एक नजर में

औदुम्बर ब्राह्मण समाज का शपथ विधि समारोह

इंदौर . श्री औदुम्बर ब्राह्मण महासभा इंदौर की नवनिर्वाचित प्रबंध कार्यकारिणी का शपथ विधि समारोह जूनी इंदौर स्थित महासभा भवन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे. समारोह के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय औदुम्बर ब्राह्मण महासंघ के अध्यक्ष प्रदीप जोशी थे. मुख्य अतिथि ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष योगेश द्विवेदी को महासभा के संविधान तथा सामाजिक एकता एवं अखण्डता की शपथ दिलाई. इसके बाद अध्यक्ष योगेश द्विवेदी ने प्रबंध कार्यकारिणी के 20 सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई. अध्यक्षीय उद्बोधन में योगेश द्विवेदी ने अपने सेवा संकल्प पत्र को पूर्ण करने का वचन देते हुए समाज में एकता, सहयोग और समर्पण की भावना को मजबूत करने पर बल दिया. मुख्य अतिथि श्री जोशी ने कहा कि 卐समाज है तो हम हैं, बिना समाज के हमारा कोई अस्तित्व नहीं है. इस अवसर पर समाज के चुनाव निष्पक्ष एवं पारदर्शीता से संपन्न कराने हेतु वरिष्ठ अभिभाषक श्री स्वप्निल शर्मा का अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मान किया गया. साथ ही पूर्व अध्यक्ष आशुतोष शर्मा के कार्यकाल में किए गए नवाचारों की सराहना करते हुए उन्हें भी महासभा की ओर से अभिनंदन पत्र प्रदान किया गया. अभिनंदन पत्र का वाचन क्रमश: ओम प्रकाश जोशी एवं अनिल जोशी ने किया. कार्यक्रम में विशेष अतिथि थे वरिष्ठ नागरिक मंच इंदौर के अध्यक्ष जगदीश चन्द्र जोशी, वरिष्ठ नागरिक मंच देवास के अध्यक्ष महेंद्र उपाध्याय, औदुम्बर महासभा देवास के अध्यक्ष अशोक कुमार चौधरी, वरिष्ठ समाजसेवी श्याम पेशकार, नरेन्द्र चौधरी, श्याम चन्द्र दुबे, केडी परसाई, अजय बक्षी एवं निर्मल उपाध्याय स्वप्निल शर्मा. संचालन अखिल भारतीय औदुम्बर ब्राह्मण महासंघ के महासचिव उमेश द्विवेदी ने किय. आभार महासभा इंदौर के अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने माना.

नेत्र शिविर में 220 मरीजों की जांच

इंदौर . जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीजन, चोइथराम नेत्रालय संयुक्त तत्वाधान में सेंट ज्योति स्कूल नगीन नगर पर विशाल नेत्र शिविर आयोजित किया गया. ग्रुप के अध्यक्ष सुरेश देशलहरा और शिविर संयोजक अनोखीलाल जैन ने बताया कि इस शिविर में 220 मरीजों ने लाभ लिया 22 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन किया गया जिनके आपरेशन निशुल्क होंगे जरूरतमंद को 110 चश्मे रियायती दरों पर दिए गए. इस शिविर के लाभार्थी गुप्ता परिवार बोम्बे इंदौर है. ग्रुप के समाज सेवी, महेश डाकोंलिया, राजेन्द्र भटेवरा, किरण संचेती, भवरलाल कासवा, अरविन्द चौधरी, डॉ. जितेन्द्र पारख, सुभाष गोखरू, पारस कटारिया, प्रदीप मौर्य, स्कूल के प्रींसीपल कान्हा राणे और सीमा राणे, रेखा राणे आदि का भरपुर सहयोग रहा.

मालवा उत्सव आज से, जुटेगे लोक कलाकार

इंदौर . लोक संस्कृति मंच, संस्कृति संचनालय मध्य प्रदेश सरकार एवं नगर निगम इंदौर के सहयोग से आयोजित देश का प्रतिष्ठित लोकोत्सव मालवा उत्सव इस वर्ष 6 मई से दशहरा मैदान परिसर में आयोजित होने जा रहा है उत्सव जनजाति, आदिवासी नृत्य व जनजाति लोक कला वह मातृशक्ति को समर्पित होगा. लोक संस्कृति मंच के संयोजक एवं शंकर लालवानी ने बताया कि मालवा उत्सव मैं देश एवं प्रदेश के साथ विश्व भर के कला प्रेमियों एवं कलाकारों का जमावड़ा यहां देखने को मिलता है. इस वर्ष 6 से 12 मई तक मालवा उत्सव का आयोजन दशहरा मैदान परिसर में किया जा रहा है जिसमें देशभर के विभिन्न राज्यों के 400 से अधिक लोक कलाकार एवं 300 शिल्पकार इस आयोजन में भाग लेंगे. लोक संस्कृति मंच के सचिव दीपक लवंगडे ने बताया कि गोवा का श्री मंगेश्वर मंदिर जो की पांडा तालुका के प्रियोल गांव में स्थित एक प्रसिद्ध हिंदू मंदिर है जो भगवान शिव मंगेश को समर्पित है यहां मंच पर मंदिर जैसे दीप स्तंभ नजर आएंगे यह मंदिर इसीलिए प्रसिद्ध है. लोक संस्कृति मंच के सतीश शर्मा एवं विशाल गिद्वानी ने बताया कि इस वर्ष जनजाति कला के साथ देशभर की कला प्रदर्शित करने लगभग 300 शिल्पकार इस उत्सव में अपनी कलाकृतियां लेकर आएंगे. मंच के पवन शर्मा एवं संकल्प वर्मा ने बताया कि मालवा उत्सव में प्रतिवर्ष अनुसार मालवा के व्यंजनों के स्वाद के साथविभिन्न राज्यों के पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद यहां चखने को मिलेगा साथ ही विशेष रुप से साउथ इंडियन डिशेज भी यहां मिलेगी. मालवा उत्सव प्रतिदिन सायंकाल 4 बजे से प्रारंभ होगा वही लोक नृत्यों की प्रस्तुति सायंकाल 7 बजे से होगी. आयोजन को सफल बनाने के लिए कंचन गिद्वानी, मुद्रा शास्त्री, ज्योति तोमर संध्या यादव रितेश पाटनी, नितिन तापड़िया, कमल गोस्वामी कपिल जैन, मुकेश पांडे, राजेश बियानी आदि को व्यवस्थाएं सौंपी गई है।

अग्रसेन क्रिकेट महालीग पहला न्योता खजराना गणेश को

इंदौर . अग्रवाल समाज की तरुणाई के लिए इस बार अग्रसेन क्रिकेट क्लब की मेजबानी में 17 से 24 मई तक अग्रसेन क्रिकेट महालीग का आयोजन पीपल्याहाना, पाथ ग्राउंड स्थित महाराजा अग्रसेन चौक पर प्रतिदिन शाम 5 से रात 10 बजे तक दूधिया रोशनी में आयोजित होगा. अग्रसेन महालीग के नाम से यह लगातार दूसरा आयोजन हो रहा है जिसमें 16 टीमें भागीदार बनेंगी. पाथ ग्राउंड पर दर्शकों की सुविधा के लिए अनेक प्रबंध किए जा रहे हैं. आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में पहुँच गई हैं. मंगलवार को आयोजन से जुड़े प्रमुख परामर्शदाता गोविन्द सिंघल मामा, संजय बांकडा, राहुल गोयल बंटी, संरक्षक प्रयोग गर्ग एवं राहुल गुप्ता की मौजूदगी में विभिन्न संगठनों की ओर से आयोजन प्रमुख अनमोल अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल, कृष्णा बंसल, किरीट मित्तल, पियूष अग्रवाल एवं प्रभात अग्रवाल सहित अनेक सहयोगी बंधुओं ने खजराना गणेश मंदिर पहुंचकर गणेशजी एवं कुलदेवी महालक्ष्मी को पहला न्योता सौंपकर उनसे आयोजन की सफलता के लिए प्रार्थना की. स्पर्धा के दौरान वरिष्ठ समाजसेवी विनोद अग्रवाल, अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के अध्यक्ष प्रेमचंद गोयल, समाजसेवी टीकमचंद गर्ग, विष्णु बिंदल, पवन सिंघानिया मोयरा एवं पूर्व अध्यक्ष संतोष गोयल अतिथि के रूप में आएंगे. इस बार टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें शामिल रहेंगी, जिनके बीच रोमांचक मुकाबले होंगे.

आधार नामांकन एवं अपडेशन के लिए विशेष अभियान 9 को

इंदौर . जनहित में रेल डाक सेवा कार्यालय इंदौर स्थित आधार सेवा केंद्र पर जनता को आधार नामांकन एवं अपडेशन करवाने हेतु 9 मई को समय सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक एक दिवसीय विशेष अभियान का आयोजन किया जा रहा है. इस हेतु रेलवे स्टेशन परिसर प्लेटफार्म नंबर 01 पर स्थित जीआरपी थाने के समीप आधार सेवा केंद्र में आकर इस सुविधा का लाभ ले सकते हैं. अधिक जानकारी के लिए कार्यालय अधीक्षक रेल डाक सेवा मंडल कार्यालय इंदौर पर संपर्क किया जा सकता है.

नर्मदा पाइप लाइन से वंचित गांवों के किसानों ने धरना देकर सौंपा ज्ञापन

- 25 मई तक मांगे पूरी नहीं हुई तो 60-65 गांवों के किसान एक साथ साथ अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल करेंगे

घट्टिया। तहसील कार्यालय घट्टिया पर बुधवार को करणी सेना परिवार के नेतृत्व में किसानों ने धरना प्रदर्शन किया। नर्मदा पाइप लाइन स्वीकृत नहीं होने से आक्रोशित किसानों ने धरना दिया। 3 घंटे तक चले धरना प्रदर्शन के बाद किसान नारेबाजी कर हाथों में तख्तियां लेकर तहसील कार्यालय पहुंचे और एसडीएम राजाराम करजरे को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में किसानों ने मांग की कि घट्टिया विधानसभा क्षेत्र के 60-65 गांवों के किसान आज भी जल संकट को झेल रहे हैं और फसल सिंचाई में आने वाली समस्याओं का सामना कर रहे हैं तथा भूजल स्तर निरंतर नीचे गिर रहा है। जिसके कारण घट्टिया विधानसभा के किसान अपनी कृषि योग्य भूमि में सिंचाई से वंचित है तथा इस गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं।

किसानों ने ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से निवेदन किया है कि सिंचाई हेतु नर्मदा पाइप लाइन से वंचित रह गए गांवों में अति शीघ्र नर्मदा पाइप लाइन स्वीकृत की जाए अन्यथा 15 दिवस के अंदर उपरोक्त मांग पर ठोस प्रशासनिक कार्रवाई जमीन पर दिखाई नहीं दी तो 25 मई से इन सभी 60-65 गांवों के किसानों के साथ अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल जैसा कठोर कदम किसानों को उठाना पड़ेगा।

एसडीएम राजाराम करजरे ने ज्ञापन लेकर किसानों को आश्वस्त किया कि जल्द ही आपका ज्ञापन मुख्यमंत्री तक भेजा जाएगा। धरना प्रदर्शन के दौरान उपनिरीक्षक शैलेंद्र सिंह अलावा, प्रवेश जाटव सहित पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा।

अजाक्स ने सुधारक छत्रपति शाहू महाराज की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया नमन

उज्जैन। कोठी पैलेस स्थित अजाक्स कार्यालय में अजाक्स जिला उज्जैन द्वारा महान समाज सुधारक छत्रपति शाहू महाराज की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

संभागीय अध्यक्ष जगन्नाथ बागड़ी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला अध्यक्ष डॉ. आरएल परमार के नेतृत्व में शाहू महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया तथा पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर अपने संबोधन में जिला अध्यक्ष डॉ. परमार ने कहा कि सुधारक छत्रपति शाहू महाराज ने डॉ. भीमराव आंबेडकर को वजीफा देकर विदेश में शिक्षा प्राप्त करने के लिए भेजा था। इसी ऐतिहासिक पहल का परिणाम आगे चलकर छात्रवृत्ति योजनाओं के रूप में विकसित हुई। शाहू महाराज ने अपने दूरदर्शी नेतृत्व और साहसिक निर्णयों से समाज में व्याप्त ऊंच-नीच और भेदभाव को चुनौती दी। उन्होंने आरक्षण जैसी ऐतिहासिक व्यवस्था लागू कर सामाजिक समानता और न्याय की मजबूत नींव रखी। शिक्षा के प्रसार, महिला सशक्तिकरण तथा दलित-शोषित वर्गों के उत्थान के लिए उनके योगदान आज भी प्रेरणादायक हैं। शाहूजी महाराज का संपूर्ण जीवन मानवता, समानता और न्याय के मूल्यों के लिए समर्पित रहा। उनकी विचारधारा और आदर्श हमें एक समतामूलक एवं सशक्त समाज के निर्माण के लिए निरंतर प्रेरित करते रहेंगे। इस मौके पर रमेश चंद्र सूर्यवंशी, राजेश सूर्यवंशी, जिला सचिव नारायण प्रसाद मालवीय, बीएल सिंदल, कालूसिंह चौहान, देव नारायण परमार सहित अजाक्स के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दिगंबर जैन नवग्रह जिनालय में हुई चोरी से जैन समाज आक्रोशित

इंदौर . दिगंबर जैन नवग्रह जिनालय मैं विगत रात बड़ी चोरी हो गई। पूरा जैन समाज इससे बहुत ही आहत एवं आक्रोशित है। सैकड़ो श्रद्धालु आज मंदिर पहुंचे. दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के अध्यक्ष विनय बाकलीवाल एवं प्रचार प्रमुख सतीश जैन ने बताया कि पांच नकाबपोश चोर 5 चांदी की, चार अष्टधातु की प्रतिमाओं के अलावा 25 कलश, पांडू शिला व अन्य सामान रात्रि में एक 1.30 से 2.30 बजे के बीच चुरा कर ले गए. चोरी की खबर नरेंद्र वेद जी को सुबह 5 बजे लगी तब वे मंदिर पहुंचे. तत्पश्चात एरोड्रम थाने के टी आई वह अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और पूरी जानकारी ली। आज दोपहर दिगंबर जैन समाज, सामाजिक संसद के अध्यक्ष विनय बाकलीवाल, कार्यकारी अध्यक्ष सौरभ पाटोदी, महामंत्री देवेंद्र सोगानी, प्रचार प्रमुख सतीश जैन, ऋषभ पाटनी, अशोक काला, चंदू गोधा, दिलीप लुहाड़िया नवग्रह जिनालय पहुंचे और एरोड्रम थाने के टी आई नरेंद्र कुशवाह से मिले व पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह से दूरभाष पर बात की.

मप्र गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के अध्यक्ष जैन का स्वागत

- महापुरुषों के आदर्शों से प्रेरणा लेकर सेवा करने का लिया संकल्प

उज्जैन। भारतीय जनता पार्टी नगर द्वारा भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय लोकशक्ति भवन में मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष ओम जैन का पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा के अनुसार स्वागत कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के अध्यक्ष ओम जैन ने कहा कि मैंने पं. दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके सिद्धांतों से प्रेरणा लेकर सेवा करने का संकल्प लिया है। समर्पण भाव से किए गए कार्य का प्रतिफल जरूर मिलता है इसलिए पार्टी जो काम दे उसे पूरी ईमानदारी से सबको करना चाहिए। पार्टी संगठन में काम करने वालों को उसका प्रतिफल जरूर मिलता है इसका उदाहरण में आपके सामने हूं। मैं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल का आभार व्यक्त करता हूं कि मुझे कार्य करने का अवसर प्रदान किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के माध्यम से आमजन को बेहतर और सुलभ आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संतुलित विकास सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं द्वारा पाठ्य पुस्तक निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष सौभाग्यसिंह ठाकुर का भी स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, प्राधिकरण अध्यक्ष रवि सोलंकी, रूप पमनानी, वीरेन्द्र कावड़िया, अशोक प्रजापति, जगदीश पांचाल, आनन्दसिंह खींची, शैलेन्द्र शर्मा, कल्याण शिवहरे, प्रकाश यादव, अनिल शिंदे, सुहास वैद्य सहित कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे।

एक नजर ▶ 700 खालसों के अध्यक्ष स्वामी माधवाचार्य के नेतृत्व में संत मंडल कलेक्टर और मेला अधिकारी से करेगा चर्चा

सिंहस्थ की तैयारियों का जायजा लेने आज उज्जैन आएंगे वैष्णव संप्रदाय के शीर्ष संत

उज्जैन। आगामी सिंहस्थ कुंभ की तैयारियों का निरीक्षण करने और प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर चर्चा के लिए वैष्णव संप्रदाय के शीर्ष संत गुरुवार दोपहर 2 बजे उज्जैन पधारेंगे। अखिल भारतीय खालसा परिषद के अध्यक्ष तथा रामानंद संप्रदाय के अग्रणी संत टीला द्वारा गाद्याचार्य मंगल पीठाधीश्वर यज्ञ सम्राट स्वामी माधवाचार्य डाकोर के नेतृत्व में संतों का बड़ा प्रतिनिधिमंडल शहर आ रहा है। वैष्णव संप्रदाय के तीन अणी अखाड़ों के अंतर्गत 700 खालसे आते हैं और स्वामी माधवाचार्य जी इन सभी 700 खालसों के अध्यक्ष हैं। सिंहस्थ के दृष्टिकोण से संतों का यह दौरा अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

महाकाल दर्शन कर निर्माण कार्यों का करेंगे निरीक्षण: पवासा स्थित श्री हजारी हनुमान मंदिर के महंत काशीदास महाराज ने बताया कि उज्जैन आगमन के पश्चात सभी संत सर्वप्रथम भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन करेंगे। इसके बाद संत मंडल सिंहस्थ क्षेत्र का भ्रमण कर वहां चल रहे निर्माण और विकास कार्यों का जायजा लेगा। प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर, मेला अधिकारी और अन्य प्रमुख प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कुंभ मेले की व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत बातचीत करेगा।

पवासा में होगा रात्रि विश्राम: महंत काशीदास महाराज ने जानकारी दी है कि निरीक्षण और प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा के पश्चात सभी संत गुरुवार रात्रि में पवासा स्थित श्री हजारी हनुमान मंदिर में ही विश्राम करेंगे। शुक्रवार सुबह यह प्रतिनिधिमंडल उज्जैन से प्रस्थान करेगा।

देश भर के कई वरिष्ठ संत रहेंगे मौजूद

इस महत्वपूर्ण दौरे में देश के विभिन्न स्थानों से पधारे कई वरिष्ठ संत और महामंडलेश्वर शामिल रहेंगे। संतों के इस प्रतिनिधिमंडल में रामादल अखाड़ा परिषद उज्जैन के अध्यक्ष महंत डॉ. रामेश्वर दास, महंत भगवानदास, भोपाल गुफा मंदिर के महामंडलेश्वर राम प्रवेश दास महाराज, जगन्नाथ पुरी के महामंडलेश्वर रामकृष्ण दास महाराज, भावनगर के महामंडलेश्वर गरीबदास महाराज, महामंडलेश्वर राम गोपाल दास जी महाराज उपस्थित रहेंगे। इनके अतिरिक्त तेरा भाई त्यागी अयोध्या के महामंडलेश्वर बृजमोहन दास महाराज, स्वामी माधवाचार्य के साथ उज्जैन पहुंच रहे हैं।